# भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
# BHARAT ELECTRONICS LIMITED

(भारत सरकार का उद्यम)
(A Government of India Enterprise)

पंजीकृत व कार्पोरेट कार्यालय - आउटर रिंग रोड, नागवारा, बेंगलूरु - 560 045
Registered & Corporate Office: Outer Ring Road, Nagavara, Bengaluru – 560 045, CIN : L32309KA1954GOI000787

# सूचना / N O T I C E

**प्रति**

**सभी सदस्य**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के सदस्यों की 61वीं वार्षिक सामान्य बैठक गुरुवार, दिनांक 3 सितंबर 2015 को पूर्वाह्न 10.30 बजे दि कलिंगा हॉल, होटल ललित अशोक, कुमार कृपा हाई ग्राउंड्स, बेंगलूरु - 560 001 में निम्नलिखित कारोबार संचालित करने हेतु आयोजित की जाएगी -

**सामान्य कारोबार**

1. (क) 31 मार्च 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु कंपनी के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों और उसमें निदेशक मंडल और लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदनों पर विचार करने और उसे अपनाने हेतु ।
   (ख) 31 मार्च 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु कंपनी के लेखा परीक्षित समेकित वित्तीय विवरणों और उन पर लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन पर विचार करने और उसे अपनाने हेतु ।
2. फरवरी, 2015 में पहले ही अदा किए गए ₹ 6 (छ रुपए मात्र) प्रति ईक्विटी शेयर का अंतरिम लाभांश संपुष्ट करने तथा ईक्विटी शेयरों पर अंतिम लाभांश घोषित करने हेतु ।
3. श्री पी. आर. आचार्या, जो चक्रानुक्रम से निवृत्त हो रहे हैं और पात्र होने के कारण स्वयं को पुनः नियुक्ति के लिए प्रस्तुत करते हैं, के स्थान पर एक निदेशक नियुक्त करने हेतु ।
4. ले. जन. सी. ए. कृष्णन, जो चक्रानुक्रम से निवृत्त हो रहे हैं और पात्र होने के कारण स्वयं को पुनः नियुक्ति के लिए प्रस्तुत करते हैं, के स्थान पर एक निदेशक नियुक्त करने हेतु ।

**विशेष कारोबार**

5. **श्री जे राम कृष्ण राव की निदेशक के रूप में नियुक्ति**

   निम्नलिखित संकल्प पर विचार करने और यदि उपयुक्त समझा जाए तो उसे संशोधनों के साथ या उनके बिना, **सामान्य संकल्प** के रूप में पारित करने हेतु -

   **"संकल्प किया गया कि** श्री जे राम कृष्ण राव, जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के प्रावधानों के तारतम्य में 7 नवंबर 2014 को आयोजित बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा कंपनी की इस वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक पद धारित करने के लिए अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और जिनकी नियुक्ति के लिए कंपनी ने एक सदस्य से कंपनी के निदेशक के पद हेतु उनकी उम्मीदवारी का प्रस्ताव रखते हुए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के तहत अपेक्षित जमा राशि के साथ-साथ, लिखित में सूचना प्राप्त की

**TO**

**ALL MEMBERS**

NOTICE IS HEREBY GIVEN THAT the 61st Annual General Meeting of the Members of Bharat Electronics Limited will be held on Thursday, 3 September 2015, at 10.30 a.m. at The Kalinga Hall, Hotel Lalit Ashok, Kumara Krupa High Grounds, Bengaluru - 560001 to transact the following business:-

**ORDINARY BUSINESS**

1. (a) To consider and adopt the audited financial statement of the Company for the financial year ended 31 March 2015 and the Reports of the Board of Directors and Auditors thereon.
   (b) To consider and adopt the audited consolidated financial statement of the Company for the financial year ended 31 March 2015 and Reports of Auditors thereon.
2. To confirm the Interim Dividend of ₹ 6 (Rupees six only) per equity share already paid in February, 2015 and to declare Final Dividend on Equity Shares.
3. To appoint a Director in place of Mr P R Acharya, who retires by rotation and being eligible, offers himself for re-appointment.
4. To appoint a Director in place of Lt. Gen. C A Krishnan, who retires by rotation and being eligible, offers himself for re-appointment.

**SPECIAL BUSINESS**

5. **Appointment of Mr J Rama Krishna Rao as Director.**

   To consider and if thought fit, to pass, with or without modifications, the following resolution as an **Ordinary Resolution:**

   **"RESOLVED THAT** Mr J Rama Krishna Rao, who was appointed by Board of Directors of the Company in its meeting held on 07 November 2014 as Additional Director pursuant to the provisions of Section 161 of the Companies Act, 2013 to hold office upto the date of this Annual General Meeting of the Company and for the appointment of whom the Company has received a Notice in writing from a Member along with the deposit of the requisite amount under section 160 of the Companies Act, 2013 proposing his candidature for the office

है, को कंपनी का निदेशक नियुक्त किया जाए जो चक्रानुक्रम द्वारा सेवानिवृत्ति होंगे ।"

6. **लागत लेखा परीक्षक के पारिश्रमिक का अनुसमर्थन**

निम्नलिखित संकल्प पर विचार करने और यदि उपयुक्त समझा जाए तो उसे संशोधनों के साथ या उनके बिना **सामान्य संकल्प** के रूप में पारित करने हेतु -

**"संकल्प किया गया कि** कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 तथा अधिनियम के अन्य लागू प्रावधान, यदि कोई हों, जिन्हें उसके तहत बनाए गए नियमों के साथ पढ़ा जाना है (वर्तमान में उसमें किए गए किसी संशोधन (संशोधनों) या पुनःप्रवर्तन सहित), के तारतम्य में, 31 मार्च 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लागत अभिलेखों की लेखा परीक्षा करने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा लागत लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त मे. पीएसवी एंड एसोसिएट्स, लागत लेखाकार (फर्म पंजीकरण सं. 000304) को ₹ 400,000 (रुपए चार लाख मात्र) के पारिश्रमिक तथा लाग सेवा कर का भुगतान एवं फुटकर व्ययों की प्रतिपूर्ति हेतु कंपनी की सहमति प्रदान की जाए और एतद्द्वारा प्रदान की जाती है ।"

7. **कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूँजी में बढ़ोत्तरी-**

निम्नलिखित संकल्प पर विचार करने और यदि उपयुक्त समझा जाए तो उसे संशोधनों के साथ या उनके बिना **सामान्य संकल्प** के रूप में पारित करने हेतु -

**"संकल्प किया गया कि** कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 61 के प्रावधान तथा अन्य लागू प्रावधान, यदि कोई हों, जिन्हें उनके तहत बनाए गए कंपनी (शेयर पूंजी तथा ऋणपत्र) नियम, 2014 के साथ पढ़ा जाना है (सांविधिक संशोधन (संशोधनों) या उनके पुनःप्रवर्तन, जो वर्तमान में लागू हैं, सहित) के तारतम्य में, कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूँजी को विद्यमान ₹ 1,000,000,000 (रुपए एक सौ करोड़ मात्र) जो ₹ 10 (रुपए दस मात्र) प्रत्येक के 100,000,000 (दस करोड़ मात्र) ईक्विटी शेयरों में विभाजित है, ₹ 10 (रुपए दस मात्र) प्रत्येक के अतिरिक्त 150,000,000 (पंद्रह करोड़ मात्र) ईक्विटी शेयर सृजित करते हुए, से बढ़ाकर ₹ 250,000,000 (रुपए दो सौ पचास करोड़ मात्र) जो ₹ 10 (रुपए दस मात्र) प्रत्येक के 250,000,000 (पच्चीस करोड़ मात्र) ईक्विटी शेयरों में विभाजित है, किया जाए और एतद्द्वारा किया जाता है जो कंपनी के विद्यमान शेयरों के साथ-साथ श्रेणीकृत होंगे ।"

8. **संस्था के बहिर्नियम में पूँजी खंड में परिवर्तन**

निम्नलिखित संकल्प पर विचार करने और यदि उपयुक्त समझा जाए तो उसे संशोधनों के साथ या उनके बिना **विशेष संकल्प** के रूप में पारित करने हेतु -

**"संकल्प किया गया कि,** कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 और 61 के प्रावधानों तथा अन्य लागू प्रावधान तथा उनके तहत बनाए गए नियमों (सांविधिक संशोधन (संशोधनों) या उनके पुनःप्रवर्तन, जो वर्तमान में लागू हैं, सहित) के तारतम्य में, कंपनी के संस्था के बहिर्नियम के खंड V में परिवर्तन किया जाए और एतद्द्वारा परिवर्तन किया जाता है और उसे निम्नलिखित से स्थानापित किया जाए -

of Director of the Company, be appointed as a Director of the Company, liable to retire by rotation."

6. **Ratification of remuneration of the Cost Audito**r

To consider and if thought fit, to pass, with or without modifications, the following resolution as an **Ordinary Resolution:**

**"RESOLVED THAT** pursuant to Section 148 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 read with the relevant Rules thereunder, (including any statutory modification(s) or re-enactment thereof for the time being in force), consent of the Company be and is hereby accorded for the payment of remuneration of ₹ 400,000 (Rupees four lakhs only) plus applicable service tax and reimbursement of out of pocket expenses to M/s PSV & Associates, Cost Accountants, (Firm Registration No. 000304) appointed by the Board of Directors of the Company as Cost Auditors to conduct the audit of cost records of the Company for the financial year ending on 31 March 2016."

7. **Increase in Authorised Share Capital of the Company:**

To consider and, if thought fit, to pass, with or without modification(s), the following resolution as an **Ordinary Resolution:**

**"RESOLVED THAT** pursuant to the provisions of Section 61 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 read with the Companies (Share Capital and Debentures) Rules, 2014 framed thereunder (including any statutory modification(s) or re-enactment thereof for the time being in force), the Authorised Share Capital of the Company be and is hereby increased from the existing ₹ 1,000,000,000 (Rupees one hundred crores only) divided into 100,000,000 (Ten crores only) Equity Shares of ₹ 10 (Rupees ten only) each to ₹ 2,500,000,000 (Rupees two hundred and fifty crores only) divided into 250,000,000 (Twenty five crores only) Equity Shares of ₹ 10 (Rupees ten only) each by creation of additional 150,000,000 (Fifteen crores only) Equity Shares of ₹ 10 (Rupees ten only) each which shall rank pari passu with the existing shares of the Company."

8. **Alteration of the Capital Clause in the Memorandum of Association**

To consider and, if thought fit, to pass with or without modification(s) the following resolution as a **Special Resolution:**

**"RESOLVED THAT**, pursuant to the provisions of Sections 13 and 61 and other applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the rules made thereunder (including any statutory modification(s) or re-enactment thereof for the time being in force), Clause V of the Memorandum of Association of the Company be and is hereby altered and substituted by the following :

V. कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूँजी ₹ 2,500,000,000 (रुपए दो सौ पचास करोड़ मात्र) है जो कंपनी के अंतर्नियमों में दिए गए अनुसार उसके साथ संलग्न अधिकार, विशेषाधिकार तथा शर्तों जिन्हें कंपनी की पूँजी को बढ़ाने या घटाने तथा जिन्हें वर्तमान में पूँजी के शेयरों को अनेक खंडों में विभाजित करने और उनमें क्रमश: ऐसे अधिमान, आस्थगित, गारंटीकृत, अर्ह या विशेष अधिकार, विशेषाधिकार एवं शर्तें संलग्न करने जो कंपनी के अंतर्नियमों द्वारा या उनके अनुसार निर्धारित होंगे तथा ऐसे अधिकार, विशेषाधिकार या शर्त को कंपनी के अंतर्नियमों द्वारा वर्तमान में जिस प्रकार प्रदान किया गया है, उस प्रकार बदलने, संशोधित करने, समामेलित करने या निराकरण करने के लिए, के साथ ₹ 10 (रुपए दस मात्र) प्रत्येक के 250,000,000 (पच्चीस करोड़ मात्र) शेयरों में विभाजित हैं ।

**आगे संकल्प किया गया कि** उपर्युक्त संकल्प को प्रभावी करने के उद्देश्य से, कंपनी के निदेशक मंडल को ऐसे सभी कार्य, विलेख, मामले तथा बातें जिसमें यथोचित प्राधिकारियों के साथ आवश्यक फार्म / दस्तावेज भरना शामिल है, करने के लिए तथा ऐसे सभी विलेख, दस्तावेज, प्रपत्र तथा लिखित सामग्री जिन्हें जिसके एकमात्र तथा अनय विवेक से आवश्यक या अत्यावश्यक समझा जाए, निष्पादित करने के लिए तथा इस संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी प्रश्न, कठिनाई या संदेह का निराकरण करने के लिए तथा यहाँ प्रदत्त अपनी सभी या किसी एक शक्ति को अपने निदेशकों, कंपनी के कंपनी सचिव या किसी अन्य अधिकारी (अधिकारियों) को प्रत्यायोजित करने के लिए प्राधिकृत किया जाए और एतद्द्वारा प्राधिकृत किया जाता है ।"

9. **संस्था के अंतर्नियम में पूँजी खंड में परिवर्तन**

निम्नलिखित संकल्प पर विचार करने और यदि उपयुक्त समझा जाए तो उसे संशोधनों के साथ या उनके बिना **विशेष संकल्प** के रूप में पारित करने हेतु -

**"संकल्प किया गया कि,** कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के प्रावधानों तथा अन्य लागू प्रावधान तथा उनके तहत बनाए गए नियमों (सांविधिक संशोधन (संशोधनों) या उनके पुन:प्रवर्तन, जो वर्तमान में लागू हैं, सहित) के तारतम्य में, कंपनी के संस्था के अंतर्नियम के अनुच्छेद 5 जो प्राधिकृत शेयर पूँजी से संबंधित है, में परिवर्तन किया जाए और एतद्द्वारा परिवर्तन किया जाता है और उसे निम्नलिखित से स्थानापित किया जाए -

कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूँजी कंपनी के बहिर्नियम के खंड V में बताए गए अनुसार होगी ।

**आगे संकल्प किया गया कि** उपर्युक्त संकल्प को प्रभावी करने के उद्देश्य से, कंपनी के निदेशक मंडल को ऐसे सभी कार्य, विलेख, मामले तथा बातें जिसमें यथोचित प्राधिकारियों के साथ आवश्यक फार्म / दस्तावेज भरना शामिल है, करने के लिए तथा ऐसे सभी विलेख, दस्तावेज, प्रपत्र तथा लिखित सामग्री जिन्हें जिसके एकमात्र तथा अन्य विवेक से आवश्यक या अत्यावश्यक समझा जाए, निष्पादित करने के लिए तथा इस संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी प्रश्न, कठिनाई या संदेह का निराकरण करने के लिए तथा यहाँ प्रदत्त अपनी सभी या किसी एक

V. The authorised Share Capital of the Company is ₹ 2,500,000,000 (Rupees two hundred and fifty crores only) divided into 250,000,000 (Twenty five crores only) shares of ₹ 10 (Rupees ten only) each with the rights, privileges and conditions attaching thereto as may be provided by the Articles of Association of the Company for the time being, with power to increase and reduce the Capital of the Company and to divide the shares in the Capital for the time being into several clauses and to attach thereto respectively such preferential, deferred, guaranteed, qualified or special rights, privileges and conditions as may be determined by or in accordance with the Articles of Association of the Company and to vary, modify, amalgamate or abrogate any such rights, privileges or conditions in such manner as may for the time being be provided by the Articles of Association of the Company.

**RESOLVED FURTHER THAT** for the purpose of giving effect to the above resolution, the Board of Directors of the Company, be and is hereby authorised to do all such acts, deeds, matters and things including filing of necessary forms/ documents with the appropriate authorities and to execute all such deeds, documents, instruments and writings as it may in its sole and absolute discretion deem necessary or expedient and to settle any question, difficulty or doubt that may arise in regard thereto and to delegate all or any of its powers herein conferred to its Directors, Company Secretary or any other officer(s) of the Company."

9. **Alteration of the Capital Clause of the Articles of Association**

To consider and, if thought fit, to pass with or without modification(s) the following resolution as a **Special Resolution:**

**"RESOLVED THAT,** pursuant to the provisions of Section 14 and other applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the rules issued there under (including any statutory modification(s) or re-enactment thereof for the time being in force), Article 5 of the Articles of Association of the Company relating to authorised Share Capital be and is hereby altered and substituted by the following:

The authorised share capital of the Company shall be as stated in Clause V of the Memorandum of Association of the Company.

**RESOLVED FURTHER THAT** for the purpose of giving effect to the above resolution, the Board of Directors of the Company, be and is hereby authorised to do all such acts, deeds, matters and things including filing of necessary forms/ documents with the appropriate authorities and to execute all such deeds, documents, instruments and writings as it may in its sole and absolute discretion deem necessary or expedient and to settle any question, difficulty or doubt that may arise in

शक्ति को अपने निदेशकों, कंपनी के कंपनी सचिव या किसी अन्य अधिकारी (अधिकारियों) को प्रत्यायोजित करने के लिए प्राधिकृत किया जाए और एतद्द्वारा प्राधिकृत किया जाता है ।"

10. **बोनस शेयरों को जारी करने के लिए अनुमोदन**

निम्नलिखित संकल्प पर विचार करने और यदि उपयुक्त समझा जाए तो उसे संशोधनों के साथ या उनके बिना **सामान्य संकल्प** के रूप में पारित करने हेतु -

**"संकल्प किया गया कि** कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 63 के प्रावधानों तथा अन्य लागू प्रावधान, जिन्हें कंपनी (शेयर पूँजी और ऋणपत्र) नियम, 2014 (सांविधिक संशोधन (संशोधनों) या उनके पुनःप्रवर्तन, जो वर्तमान में लागू हैं, सहित) के नियम 14 के साथ पढ़ा जाना है, के अनुसार, और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के विनियमों तथा दिशा-निर्देशों की शर्त पर तथा यथा आवश्यक लागू विनियामक प्राधिकारियों की सहमति शामिल हैं, तथा कंपनी के संस्था के अंतर्नियम के तत्संबंधी प्रावधानों तथा कंपनी के निदेशक मंडल (जिसे यहाँ इसके बाद 'मंडल' कहा गया है, जिस अभिव्यक्ति में मंडल द्वारा उसकी ओर से विधिवत् गठित या प्राधिकृत निदेशकों की समिति को शामिल माना जाएगा) की सिफारिशों के तारतम्य में, तथा इस संबंध में यथा आवश्यक अनुमति, मंजूरी और अनुमोदनों की शर्त पर, कंपनी के विद्यमान ईक्विटी शेयरों को धारित करने वाले सदस्य जिनके नाम मंडल द्वारा इस संबंध में तय की गई रिकार्ड तारीख को नेशनल सेक्योरिटीज़ डिपाज़िटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) तथा सेंट्रल डिपोज़िटरी सर्विसेस (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) से यथा प्राप्त, सदस्यों द्वारा धारित ₹ 10 (रुपए दस मात्र) प्रत्येक के प्रत्येक 1 (एक) विद्यमान ईक्विटी शेयर के लिए ₹ 10 (रुपए दस मात्र) प्रत्येक के 2 (दो) ईक्विटी शेयर के अनुपात में यानी 2:1 के अनुपात में (प्रत्येक धारित शेयर के लिए दो बोनस शेयर), कंपनी द्वारा रखे गए रजिस्टर / हिताधिकारियों की सूची में दर्शित होते हैं, को पूर्ण चुकता ईक्विटी शेयर के रूप में जारी किए जाने वाले / क्रेडिट किए जाने वाले ₹ 10 (रुपए दस मात्र) प्रत्येक के बोनस ईक्विटी शेयरों को जारी करने के प्रयोजनार्थ, कंपनी के मुक्त प्रारक्षण तथा अधिशेष में जमा ₹ 1,600,000,000 (रुपए एक सौ साठ करोड़ मात्र) के पूंजीकरण हेतु मंडल को कंपनी के सदस्यों की सहमति प्रदान की जाए और एतद्द्वारा प्रदान की जाती है ।

**आगे संकल्प किया गया कि** बोनस शेयरों के रूप में इस प्रकार आबंटित ईक्विटी शेयर कंपनी के विद्यमान पूर्ण चुकता ईक्विटी शेयरों के साथ हर प्रकार से साथ-साथ श्रेणीकृत होंगे और कंपनी के संस्था के बहिर्नियमों और अंतर्नियमों के प्रावधानों पर निर्भर करेंगे ।

**आगे संकल्प किया गया कि** आबंटिती जो अपने विद्यमान ईक्विटी शेयरों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे हैं, को बोनस शेयरों के लिए कोई आबंटन पत्र जारी नहीं किए जाएँगे क्योंकि बोनस शेयर निर्धारित समय अवधि के भीतर या इस संबंध में समय-समय पर निर्धारित अवधि में उनके संबंधित डीमैट खातों में जमा किए जाएँगे ।

regard thereto and to delegate all or any of its powers herein conferred to its Directors, Company Secretary or any other officer(s) of the Company."

10. **Approval for the issue of Bonus Shares**

To consider and if thought fit, to pass, with or without modification(s), the following resolution as an **Ordinary Resolution:**

**"RESOLVED THAT** pursuant to the provisions of Section 63 and other applicable provisions of the Companies Act, 2013, read with Rule 14 of the Companies (Share Capital & Debentures) Rules, 2014 (including any statutory modifications or re-enactment thereof for the time being in force) and subject to the regulations and guidelines issued by the Securities and Exchange Board of India (SEBI), and consent of applicable regulatory authorities as may be required and pursuant to the relevant provisions of Articles of Association of the Company and the recommendation of the Board of Directors of the Company (hereinafter referred to as 'the Board', which expression shall be deemed to include a Committee of Directors duly constituted or authorised by the Board in this behalf), and subject to such permissions, sanctions and approvals as may be necessary in this regard, consent of the Members of the Company be and is hereby accorded to the Board for capitalisation of ₹ 1,600,000,000 (Rupees one hundred sixty crores only) standing to the credit of the free reserves and surplus of the Company, as may be considered necessary by the Board, for the purpose of issuance of Bonus Equity Shares of ₹ 10 (Rupee Ten only) each to be issued/credited as fully paid-up Equity Shares to the holders of the existing Equity Shares of the Company, whose names appear in the Register of Members maintained by the Company/List of Beneficial Owners, as received from the National Securities Depository Limited (NSDL) and Central Depository Services (India) Limited (CDSL), on such record date as may be fixed in this regard by the Board, in the proportion of 2 (two) Equity Shares of ₹ 10 (Rupees ten only) each fully paid-up for every 1 (one) existing Equity Share of ₹ 10 (Rupees ten only) each held by the Members, i.e. in the ratio of 2:1 (two bonus shares for every share held).

**RESOLVED FURTHER THAT** the Equity Shares so allotted as bonus shares shall rank pari passu in all respects with the existing fully paid up Equity Shares of the Company and shall be subject to the provisions of Memorandum and Articles of Association of the Company.

**RESOLVED FURTHER THAT** no allotment letters shall be issued to the allottees for Bonus Shares who hold their existing Equity Shares in electronic form, as Bonus Shares shall be credited to their respective demat accounts within the period prescribed or that may be prescribed on this behalf, from time to time.

**आगे संकल्प किया गया कि** ऐसे शेयरधारक जो अपने विद्यमान ईक्विटी शेयर को भौतिक रूप में धारित करते हैं, के लिए बोनस शेयरों के संबंध में शेयर प्रमाण-पत्र तैयार कर निर्धारित अवधि के भीतर या इस संबंध में समय-समय पर निर्धारित अवधि में भेजे जाएँगे ।

**आगे संकल्प किया गया कि** उक्त बोनस शेयर जहाँ तक अप्रवासी भारतीय (एनआरआई), भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ)/समुद्रपार कार्पोरेट निकाय (ओसीबी) तथा कंपनी के अन्य विदेशी निवेशकों से संबंधित है, उनका जारी किया जाना और आबंटन किया जाना विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंध अधिनियम, 1999 तथा उसके तहत बनाए गए विनियमों के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) तथा यथा अपेक्षित एवं आवश्यक किसी अन्य विनियामक प्राधिकरण के अनुमोदन पर निर्भर करेगा ।

**आगे संकल्प किया गया कि** स्टॉक एक्सचेंज जहाँ कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, को बोनस शेयरों का सूचीकरण का आवेदन करने के लिए तथा आबंटितियों के अपने डिपोज़िटरी खातों में बोनस शेयरों को जमा करने के लिए नेशनल सेक्योरिटीज़ डिपाज़िटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) तथा सेंट्रल डिपोज़िटरी सर्विसेस (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) को आवश्यक आवेदन करने के लिए, तथा यहाँ प्रदत्त सभी शक्तियों या किसी एक शक्ति को उसके निदेशकों, कंपनी के कंपनी सचिव या किसी अन्य अधिकारी (अधिकारियों) को प्रत्यायोजित करने के लिए मंडल को प्राधिकृत किया जाए तथा एतद्द्वारा प्राधिकृत किया जाता है ।

**आगे संकल्प किया गया कि** उक्त संकल्प को लागू करने के लिए आवश्यक अन्य सभी उपाय करने के लिए तथा मंडल द्वारा अपने विवेक द्वारा जैसा उपयुक्त माना जाए बोनस शेयरों को जारी करने के अन्य सभी निबंधन व शर्तों को तय करने के लिए मंडल को प्राधिकृत किया जाए और एतद्द्वारा प्राधिकृत किया जाता है ।”

मंडल के आदेशानुसार,
कृते **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**

बेंगलूरु
24 जुलाई 2015

**एस श्रीनिवास**
**कंपनी सचिव**

**नोट**

1. यथा उपरोक्त विशिष्ट कारोबार के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 102 के तारतम्य में संबंधित व्याख्यात्मक विवरण यहाँ संलग्न है और इस सूचना का भाग है।

2. वार्षिक सामान्य बैठक (“बैठक”) में सम्मिलित होने और मतदान करने के हकदार सदस्य उनकी ओर से सम्मिलित होने और मतदान करने के लिए परोक्षी नियुक्त करने के हकदार हैं और परोक्षी को कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है । बहरहाल, परोक्षी को नियुक्त करने के विलेख को बैठक के प्रारंभ होने से पहले, किंतु 48 घण्टों से पहले नहीं, विधिवत् पूर्ण रूप से कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

3. बैठक में सम्मिलित होने वाले प्राधिकृत प्रतिनिधि को भेजने का आशय रखने वाले कार्पोरेट सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैठक में उनकी ओर से भाग लेने और मतदान करने हेतु अपने प्रतिनिधि को प्राधिकृत करते हुए मंडल के संकल्प की प्रमाणित प्रति कंपनी को भेजें ।

**RESOLVED FURTHER THAT** for the shareholders who hold their existing Equity Shares in physical form, the share certificate(s) in respect of the Bonus Shares shall be completed and thereafter be dispatched within the period prescribed or that may be prescribed on this behalf, from time to time.

**RESOLVED FURTHER THAT** the issue and allotment of the said Bonus Shares to the extent that they relate to Non-Resident Indians (NRIs), Persons of Indian Origin (PIO) / Overseas Corporate Bodies (OCBs) and other foreign investors of the Company, will be subject to the approval of the Reserve Bank of India (RBI) under the Foreign Exchange Management Act, 1999 and Regulations thereunder, as amended from time to time, and any other regulatory authority, as may be required & necessary.

**RESOLVED FURTHER THAT** the Board be and is hereby authorised to apply for Listing of Bonus Shares to the Stock Exchanges where the shares of the Company are listed and to make necessary application with the National Securities Depository Ltd. (NSDL) and Central Depository Services (India) Ltd. (CDSL) for crediting the Bonus Shares to the individual Depository accounts of the allottees and to delegate all or any of its powers herein conferred to its Directors, Company Secretary or any other officer(s) of the Company.

**RESOLVED FURTHER THAT** the Board be and is hereby authorised to take all other steps as may be necessary to give effect to the aforesaid resolution and determine all other terms and conditions of the issue of bonus shares as the Board may in its absolute discretion deem fit.”

By order of the Board,
For **Bharat Electronics Limited**

Bengaluru
24 July 2015

**S Sreenivas**
**Company Secretary**

**NOTE**

1. Relevant Explanatory Statement pursuant to Section 102 of the Companies Act, 2013 (the Act), in respect of Special Business as set out above is annexed hereto and forms part of the Notice.

2. A Member entitled to attend and vote at the Annual General Meeting (the “Meeting”) is entitled to appoint a proxy to attend and vote on a poll instead of himself and the proxy need not be a Member of the Company. The instrument appointing a proxy should, however, be deposited at the Registered Office of the Company duly completed, not less than 48 hours before the commencement of the Meeting.

3. Corporate Members intending to send their authorised representatives to attend the Meeting are requested to send to the Company a certified copy of the Board Resolution authorising their representative to attend and vote on their behalf at the Meeting.

4. अधिनियम की धारा 101 तथा कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 18 के परिप्रेक्ष्य में, वार्षिक सामान्य बैठक की यह सूचना तथा वार्षिक प्रतिवेदन सहित अन्य दस्तावेज ईमेल द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ऐसे शेयरधारकों को भेजे जा रहे हैं, जिन्होंने अपने डीमैट खातों में ईमेल का पता दिया है ।

बहरहाल, सदस्य कृपया नोट करें कि वे आवश्यकता प्राप्त करने पर, लाभ व हानि के विवरण और लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन सहित कंपनी के तुलन-पत्र और उसके साथ संलग्न किए जाने वाले सभी दस्तावेजों की हार्ड प्रति निःशुल्क प्राप्त करने के लिए हकदार होंगे ।

दस्तावेज भौतिक रूप में प्राप्त करने के इच्छुक सदस्य कंपनी के पंजीयक, मे. इंटीग्रेटेड इंटरप्राइजेस (इंडिया) लि. को डीमैट खाते के ब्यौरे विधिवत् देते हुए यथाशीघ्र सूचित करें । वैकल्पिक रूप से, अपने डीमैट खाते के ब्यौरे को विधिवत् उद्धत् करते हुए अनुरोध को ईमेल आईडी irg@integratedindia.in पर ईमेल द्वारा भेजा जा सकता है ।

कंपनी इन दस्तावेजों को शेयरधारकों के अवलोकनार्थ एवं उनके द्वारा डाउनलोड करने के लिए कंपनी की वेबसाइट यानी www.bel-india.com पर भी उपलब्ध कराएगी । साथ ही, वार्षिक प्रतिवेदन की भौतिक प्रतियाँ कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में कार्य घण्टों के दौरान निरीक्षण के लिए उपलब्ध होंगी ।

5. अधिनियम की धारा 170 के तहत रखी गई, निदेशकों तथा मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों तथा उनकी शेयरधारिता की पंजी वार्षिक सामान्य बैठक में सदस्यों के निरीक्षणार्थ उपलब्ध होगी ।

6. इस सूचना में संदर्भित सभी दस्तावेज तथा व्याख्यात्मक विवरणी इस सूचना की तारीख से वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक, कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रातः 10 बजे से लेकर अपराह्न 4 बजे तक सदस्यों के निरीक्षणार्थ उपलब्ध होगी ।

7. ईक्विटी शेयरों पर लाभांश, यदि बैठक में घोषित किया जाए, के लिए पात्र सदस्यों के नामों को निर्धारित करने के लिए कंपनी के सदस्यों की पंजी और शेयर अंतरण बही को दिनांक 12 अगस्त 2015 से 14 अगस्त 2015 तक (दोनों दिनों सहित) बंद रखा जाएगा ।

8. वर्ष 2014-15 हेतु अंतिम लाभांश, यदि बैठक में घोषित हो, घोषणा की तिथि से 30 दिनों के भीतर उन सदस्यों को प्रदेय होगा जिनके नाम यथा 11 अगस्त, 2015 को कंपनी के सदस्यों की पंजी में प्रकट होते हैं ।

कंपनी जहाँ कहीं संभव हो, लाभांश भुगतान ईसीएस (इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सर्विस) द्वारा तथा अन्य मामलों में लाभांश वारंट / बैंक मांग पत्र द्वारा करेगी । इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के मामले में, लाभांश का भुगतान यथा 11 अगस्त 2015 को कारोबारी घण्टों की समाप्ति पर इस प्रयोजन हेतु निक्षेपकर्ताओं (एन एस डी एल तथा सी डी एस एल) द्वारा दिए गए हिताधिकारी स्वामित्व ब्यौरों के आधार पर किया जाएगा । इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्य नोट करें कि उनके संबंधित निक्षेपागार खातों के समक्ष दर्ज बैंक विवरणों का प्रयोग कंपनी द्वारा लाभांश के भुगतान हेतु किया जाएगा । कंपनी या इसके पंजीयक बैंक संबंधी विवरणों या बैंक आज्ञा में किसी परिवर्तन के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्यों से सीधे प्राप्त किसी

4. In terms of Section 101 of the Act and Rule 18 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, this Notice of AGM and other documents including the Annual Report are being sent in electronic mode by e-mail to those shareholders who have furnished their e-mail address in their demat accounts.

However, Members may please note that they will be entitled to a hard copy of Balance Sheet of the Company and all attachments thereto, including the Statement of Profit and Loss and Auditors' Report, upon receipt of a requisition, free of cost.

Members interested to receive the documents in physical form may please give the intimation to the Company's Registrars, M/s. Integrated Enterprises (India) Ltd. at the earliest, duly quoting the Demat A/c details. Alternatively, the request, duly quoting the Demat A/c details, may be sent by email at e-mail ID: irg@integratedindia.in

The Company would also make available these documents on the Company's website viz. www.bel-india.com for perusal and download by the shareholders. Also, the physical copies of Annual Report would be available at the Registered Office of the Company for inspection during office hours.

5. The Register of Directors and Key Managerial Personnel and their shareholding, maintained under Section 170 of the Act, will be available for inspection by the Members at the AGM.

6. All the documents referred to in this Notice and the Explanatory Statement will be available for inspection by the Members at the Registered Office of the Company between 10.00 am and 4.00 pm on all working days from the date of this Notice upto the date of the AGM.

7. The Company's Register of Members and Share Transfer Books will be closed from 12 August 2015 to 14 August 2015 (both days inclusive) for determining the names of members eligible for dividend on Equity shares, if declared at the Meeting.

8. The Final Dividend for the year 2014-15, if declared at the Meeting, will be payable within 30 days from the date of declaration, to those members whose names appear on the Company's Register of Members as on 11 August 2015.

Company will be making the dividend payment by ECS (Electronic Clearing Services), wherever possible and by dividend warrant / Bank demand drafts in other cases. In respect of shares held in electronic form, the dividend will be paid on the basis of beneficial ownership details furnished by the Depositories (NSDL & CDSL), as at the close of business hours on 11 August 2015, for this purpose. Members holding shares in electronic form may note that bank particulars registered against their respective depository accounts will be used by the Company for payment of dividend. The Company or its Registrars cannot act on any request received directly from the members holding shares in electronic form for any change of bank particulars or

अनुरोध पर कार्रवाई नहीं कर सकते हैं । ऐसे परिवर्तनों को सदस्यों के निक्षेपागार सहभागी को ही सूचित किया जाना है । जिन सदस्यों ने निक्षेपागार खाता खोलने के बाद अपना बैंक खाता परिवर्तित किया है और निक्षेपागार खाता खोलते समय विनिर्दिष्ट खाते के अलावा खाते में लाभांश प्राप्त करना चाहते हैं, ऐसे सदस्यों से अनुरोध है कि वे 7 अगस्त, 2015 से पहले अपने निक्षेपागार सहभागी से अपना बैंक खाते के ब्यौरे (नौ अंकों के बैंक कूट सहित) में परिवर्तन / सुधार कर लें ।

9. वर्ष 2014-15 के दौरान, कंपनी ने अदत्त लाभांश खाते से ₹ 117,448 की राशि को कोष में अंतरित किया है (2006-07 के अंतिम लाभांश का ₹ 76,888 और वर्ष 2007-08 के अंतरिम लाभांश का ₹ 40,560)। वर्ष 2007-2008 के लिए दावा न किए गए / अदत्त लाभांश और वर्ष 2008-09 के लिए अंतरिम लाभांश वर्ष 2015-16 में निधि में अंतरित करने हेतु नियत है । इसे कार्यावित करने और राशि प्राप्त करने के लिए संबंधित शेयरधारकों को सूचनाएँ भेज दी गई हैं । कंपनी ने अपनी वेबसाइट www.bel-india.com में "निवेशकों के लिए सूचना" नामक एक पृथक पृष्ठ में 2007-08 से लेकर अब तक के लाभांश भुगतान के ब्यौरे तथा अदत्त लाभांश का दावा करने की मार्गदर्शी सूचना लगाई है । शेयरधारकों से निवेदन है कि वे अदत्त / दावा न किए गए लाभांश का दावा करने के लिए इसमें दिए गए फार्म का प्रयोग करें ।

10. कंपनी के लेखों के संबंध में कोई भी सूचना प्राप्त करने के इच्छुक सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने प्रश्न, लिखित में, कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में ऐसे भेजें कि वे बैठक से कम से कम 7 दिनों पहले पहुँच जाएँ ताकि अपेक्षित सूचना बैठक में उपलब्ध हो सके ।

11. सदस्यों से अनुरोध है कि वे वार्षिक प्रतिवेदन और सूचना की अपनी प्रतियाँ बैठक में साथ लेकर लाएँ ।

12. बैठक में सम्मिलित हो रहे सदस्यों / परोक्षियों से अनुरोध है कि वे संलग्न उपस्थिति पर्ची भरकर उसे बैठक के प्रवेश स्थल पर सुपुर्द करें ।

13. बैठक में भाग लेने वाले संयुक्त धारकों के मामले में, केवल ऐसे संयुक्त धारक जो नामों के क्रम में ऊपर होंगे, मतदान करने के हकदार होंगे ।

14. शेयरों को भौतिक रूप में धारित करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने पते में हुए किसी भी परिवर्तन के बारे में कंपनी के पंजीयक व अंतरण एजेंट मेसर्स इंटीग्रेटेड इंटरप्राइजेस (इंडिया) लि., 30, रमणा रेसिडेंसी, भूतल, 4था क्रास, संपिगे रोड, मल्लेश्वरम, बेंगलूर-560003, दूरभाष 080-23460815-18, फैक्स 080-23460819 को लिखित सूचना भेजते हुए तुरंत सूचित करें । शेयरों को डीमैट रूप में धारित करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे संबंधित निक्षेपागार सहभागियों से संपर्क करें जिनके साथ उन्होंने डीमैट खाता खोला है और पते में हुए परिवर्तन को दर्ज करा लें ।

15. जो शेयरधारक अब तक शेयरों को भौतिक रूप में धारित करते हैं उन्हें यह परामर्श दिया जाता है कि वे शेयर प्रमाण-पत्रों के खो जाने / गलत स्थान पर रखे जाने / चोरी / जालसाजी से पैदा होने वाली परेशानियों से बचने के लिए अपने हित में शेयरों को डीमैट करा लें । कंपनी ने शेयरधारकों को बी ई एल के शेयरों को

bank mandate. Such changes are to be advised only to the Depository Participant of the Members. Members who have changed their bank account after opening the Depository Account and want to receive dividend in an account other than the one specified while opening the Depository Account, are requested to change/correct their bank account details (including the nine digit Bank code) with their Depository Participant, before 7 August 2015.

9. During the year 2014-15, the Company transferred to the Fund an amount of ₹ 117,448 from the Unpaid Dividend Account (₹ 76,888, of final dividend 2006-07 and ₹ 40,560 of interim dividend 2007-08). The unclaimed/ unpaid final dividend for the year 2007-08 and interim dividend for the year 2008-09 are due for transfer to the Fund in 2015-16. Notices to this effect have been sent to the respective shareholders to enable them to claim and receive the amount. The Company has posted on its website www.bel-india.com in a separate page titled "Information for Investors" the details of dividend payment since 2007-08 onwards and guidance information for claiming unpaid dividend. Shareholders are requested to make use of the claim form provided there to claim unpaid/ unclaimed dividend.

10. Members desirous of getting any information in respect of Accounts of the Company are requested to send their queries, in writing, to the Company at the Registered Office so as to reach at least 7 days before the Meeting so that the required information can be made available at the Meeting.

11. Members are requested to bring their copies of the Annual Report and the Notice to the Meeting.

12. Members/Proxies attending the Meeting are requested to complete the enclosed Attendance Slip and deliver the same at the entrance of the meeting venue.

13. In case of joint holders attending the Meeting, only such joint holder who is higher in the order of names will be entitled to vote.

14. Members holding shares in physical form are requested to notify to the Company's Registrars and Transfer Agent, M/s Integrated Enterprises (India) Ltd., 30, Ramana Residency, Ground Floor, 4th Cross, Sampige Road, Malleswaram, Bengaluru – 560003, Tel. 080-23460815-18, Fax. 080-23460819 immediately any change in their address, by sending a written communication. Members who are holding shares in demat form are requested to contact the respective Depository Participants with whom they have opened the Demat Account and get the change of address recorded.

15. Members still holding shares in physical form are advised to dematerialise the shares in their own interest to avoid difficulties arising from loss/misplacement/theft/forgery of share certificates. Company has entered into agreements with both the depositories, viz. NSDL and CDSL to enable the

डीमैट कराने हेतु दोनों निक्षेपागारों अर्थात् एन एस डी एल और सी डी एस एल के साथ करार किए हैं । सदस्य इस संबंध में कृपया पंजीयक व अंतरण एजेंट, मेसर्स इंटीग्रेटेड इंटरप्राइजेस (इंडिया) लि. से संपर्क करें ।

16. कंपनी ने अपने सदस्यों को राष्ट्रीय प्रतिभूति डिपोज़िटरी लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई इलेक्ट्रॉनिक मतदान सेवा सुविधा के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने की सुविधा प्रदान की है । मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा भी वार्षिक सामान्य बैठक में उपलब्ध कराई जाएगी और इस बैठक में भाग लेने वाले ऐसे सदस्य जिन्हें सुदूर ई-मतदान द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया है, वे इस मतपत्र द्वारा बैठक में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे ।ऐसे सदस्य जिन्होंने इस बैठक से पहले सुदूर ई-मतदान द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, वे इस बैठक में भाग ले सकते हैं लेकिन वे दोबारा मतदान करने के हकदार नहीं होंगे । ई-मतदान के अनुदेश इस नोटिस के संलग्नक में दिए गए हैं ।

**सुदूर ई-मतदान के लिए अनुदेश**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108, कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 जिसे कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) संशोधन, नियम 2015 द्वारा स्थानापित किया गया है, और सूचीकरण करार के खंड 35बी के अनुपालन में, कंपनी गुरुवार, 3 सितंबर 2015 को, पूर्वाह्न 10.30 बजे आयोजित होने वाली 61वीं वार्षिक सामान्य बैठक आहूत करने की सूचना में निर्धारित सभी संकल्पों पर अपने सदस्यों को अपने मताधिकार का प्रयोग इलेक्ट्रॉनिक रूप से करने की सुविधा सहर्ष प्रदान करती है । कंपनी ने सुदूर ई-मतदान सुविधा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय प्रतिभूति डिपोज़िटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की सेवाएँ प्राप्त की हैं ।

सुदूर ई-मतदान सुविधा www.evoting.nsdl.com लिंक में उपलब्ध है ।

कृपया अपने मताधिकार का प्रयोग करने से पहले नीचे मुद्रित अनुदेशों को पढ़ें ।

ये ब्यौरे तथा अनुदेश 3 सितंबर 2015 को होने वाली 61वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना का अभिन्न भाग बनते हैं ।

सुदूर ई-मतदान की सुविधा निम्नलिखित मतदान अवधि के दौरान उपलब्ध होगी -

| सुदूर ई-मतदान का प्रारंभ | सुदूर ई-मतदान की समाप्ति |
|---|---|
| 31 अगस्त 2015 को सुबह 9:00 बजे, आईएसटी | 2 सितंबर 2015 को अपराह्न 5:00 बजे, आईएसटी |

सुदूर ई-मतदान के अनुदेश इस प्रकार हैं -

सुदूर ई-मतदान करने के कदम -

I. सदस्य जिनकी शेयरधारिता डीमटीयलीकृत फार्म में हैं तथा जिनके ई-मेल एड्रेस कंपनी / डिपोज़िटरी सहभागी (सहभागियों) के पास दर्ज किए गए हैं, को एनएसडीएल से ई-मेल प्राप्त होगा जिसमें यूज़र-आईडी तथा पासवर्ड सूचित किए जाएँगे ।

   1. ई-मेल खोलें और अपने क्लाइंट आईडी या फोलियो संख्या को पासवर्ड बनाते हुए पीडीएफ फाइल यानी "Bharat Electronics Limited remote e-voting.pdf" खोलें । इस पीडीएफ फाइल में सुदूर ई-मतदान के लिए आपका यूज़र आईडी और पासवर्ड होगा । कृपया नोट करें कि यह पासवर्ड प्रारंभिक पासवर्ड/पिन है, जिसे सदस्य बदल सकते हैं ।

shareholders to dematerialise BEL shares. In this connection, Members may please contact the Registrar and Transfer Agent, M/s Integrated Enterprises (India) Ltd.

16. The Company has provided a facility to the Members to exercise their votes electronically through the electronic voting service facility arranged by National Securities Depository Limited. The facility for voting, through ballot paper, will also be made available at the AGM and the Members attending the AGM who have not already cast their votes by remote e-voting shall be able to exercise their right at the AGM through ballot paper. Members who have cast their votes by remote e-voting prior to the AGM may attend the AGM but shall not be entitled to cast their votes again. The instructions for e-voting are annexed to the Notice.

**Instructions for remote e-voting**

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013, Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, substituted by Companies (Management and Administration) Amendment, Rules 2015, and Clause 35B of the Listing Agreement, the Company is pleased to offer remote e-voting facility to the Members to cast their votes electronically on all resolutions set forth in the Notice convening the 61st Annual General Meeting to be held on the Thursday, 3 September 2015 at 10.30 A.M. The Company has engaged the services of National Securities Depository Limited (NSDL) to provide the remote e-voting facility.

The remote e-voting facility is available at the link www.evoting.nsdl.com

Please read the instructions printed below before exercising your vote.

These details and instructions form an integral part of the Notice for the 61st Annual General Meeting to be held on 3 September 2015.

The remote e-voting facility will be available during the following voting period:

